## संपादकीय

# वरिष्ठता नजरअंदाज

बामुश्किल से अभी साल ही बीता है कि भीतरी घमासान के कारण न्यायपालिका फिर विवादों में है। आंतरिक मनमुटावों को लेकर पिछले वर्ष तो सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम जजों ने प्रेस कॉनफ्रेंस भी कर डाली थी। इस बार जजों की पदोन्नति का मामला है। इसकी सिफारिश शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने की थी और ये जज जूनियर बताए जाते हैं, जिस पर कानूनविदों के अलावा कई लोगों ने भी भौंहें तरेरी हैं। कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज संजीव खन्ना तथा कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी को सर्वोच्च न्यायालय का जज नियुक्त करने की सिफारिश की है। अगर देशभर के हाईकोर्ट जजों की संयुक्त वरीयता सूची को आधार माना जाए तो न्यायमूर्ति खन्ना का नाम 33वें स्थान पर तथा न्यायमूर्ति महेश्वरी का नाम 21वें स्थान पर आता है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने इस बाबत लिया गया पूर्व फैसला निरस्त कर दिया था, जिसमें राजस्थान हाईकोर्ट तथा दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सर्वोच्च न्यायालय का जज बनाने की सिफारिश की गयी थी।

विडम्बना यह है कि गत 12 जनवरी, 2018 को प्रेस कॉनफ्रेंस करने वाले चार न्यायाधीशों में रंजन गोगाई भी शामिल थे, जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर केस अलाट करने में भेदभाव तथा अन्य विसंगतियों का आरोप लगाया था। यह बात अलग है कि मीडिया में जाने के इस फैसले को लेकर कानूनविदों के अलग-अलग मत थे। सुप्रीमकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर. एम. लोढा मानते हैं कि इस प्रेस कॉनफ्रेंस से कुछ भी हासिल नहीं हुआ क्योंकि वस्तुस्थिति जस की तस है। सीनियर जजों की नियुक्ति यों में इस तरह के खुल्लमखुल्ला अतिक्रमण से न्यायपालिका चौतरफा आलोचना की शिकार हो रही है। ऐसा पहली दफा नहीं हो रहा कि कॉलेजियम की कार्यशैली शक-शुबहों के घेरे में आ रही है। कॉलेजियम की विश्वसनीयता व प्रासंगिकता में सुधार के प्रयास समय की मांग हैं लेकिन जजों के चयन व नियुक्ति यों की प्रक्रिया की सही ढंग से समीक्षा भी तो जरूरी है। साथ ही, स्वयं सुधार व शोधन की जरूरत से भी इनकार नहीं होना चाहिए।

# आरबीआई चाहता है, रिटेल पेमेंट सिस्टम में और प्राइवेट कंपनियां आएं

बेंगलुरु (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) चाहता है कि देश में आईएमपीएस और यूपीआई जैसे रिटेल पेमेंट सिस्टम को डिवेलप करने के लिए कुछ और प्राइवेट फर्म्स सामने आएं। इसके लिए केंद्रीय बैंक ने कुछ नियम तय किए हैं। इसके आधार पर प्राइवेट पार्टी इसे विकसित करने के लिए आवेदन कर सकती हैं। आरबीआई ने एक नोट में लिखा है कि तेजी से उभरते इस सेक्टर में अभी कुछ ही प्लेयर्स हैं और वह कॉम्पिटीशन को बढ़ावा देने के लिए कई कंपनियों को देश में पेमेंट्स सिस्टम तैयार करने की इजाजत दे सकता है।

आरबीआई ने कहा है कि रिटेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम को मजबूत करने के लिए कई स्तरों पर पहल की जरूरत है। नोट में लिखा है कि पेमेंट सिस्टम के लिए एंट्री नॉर्म्स और प्रक्रियाओं को आसान बनाया जा सकता है। रेगुलेटर ने इस मामले पर आम लोगों की राय लेने के लिए पेमेंट सिस्टम की अपनी योजनाओं को सार्वजनिक करते हुए उस पर 20 फरवरी 2019 तक टिप्पणियां मंगाई हैं। आरबीआई ने इसकी वजह बताई, बहुत सारे पेमेंट्स सिस्टम के लिए सिर्फ गिने-चुने ऑपरेटर्स ही मौजूद हैं, जिससे सिस्टम में कंसंट्रेशन रिस्क की आशंका बढ़ गई है। उसने इसके लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) का उदाहरण दिया, जो चेक पेमेंट्स, स्मार्टफोन आधारित यूपीआई, आईएमपीएस और यहां तक की फीचर फोन यूजर्स के लिए यूएसएसडी की निगरानी करती है।

# सोने की कीमतों ने तोड़ा 7 साल का रिकार्ड

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेशी बाजारों में रही तेजी के बीच घरेलू स्तर पर वैवाहिक जेवराती मांग बढ़ने से मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 125 रुपये चमककर करीब सात साल के उच्चतम स्तर 33,325 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान औद्योगिक ग्राहकी कम होने से चाँदी 250 रुपये फिसलकर 39,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

विदेशी बाजारों में लंदन का सोना हाजिर 4.20 डॉलर की तेजी के साथ 1,283.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 0.2 डॉलर लुढ़ककर 1,282.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में ब्याज दर स्थिर रखने के फैसले की संभावना से पीली धातु की चमक बढ़ी है लेकिन दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की मजबूत स्थिति से इसकी बढ़त सीमित रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.04 डॉलर चढ़कर 15.29 डॉलर प्रति औंस पर रही। वैश्विक तेजी के बीच स्थानीय बाजार में जेवराती मांग आने से सोना स्टैंडर्ड 125 रुपये की बढ़त के साथ आज 33,325 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। सोना बिटुर भी इतना ही चमककर 33,175 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। आठ ग्राम वाली गिन्नी हालांकि 25,500 रुपये पर स्थिर रही। चांदी की औद्योगिक मांग घटने से चांदी हाजिर 39,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। चांदी वायदा भी 265 रुपये की गिरावट के साथ 38,875 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

# एसबीआई ने अपने ग्राहकों को दी चेतावनी, अगर ऐसे मैसेज मिले तो रहे सावधान

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत तेजी से डिजिटलाइजेशन की तरफ आगे बढ़ रहा है। देश में अधिकतक पैसों का लेनदेन आनलाइन माध्यम से ही हो रहा है। तो दूसरी तरफ ठगी भी काफी हो रही है। पुलिस स्टेशनों में ठगी के कई मामले दर्ज हुए पड़े है। अब चोरों ने लोगों के अकाउंट से पैसा चोरी करने के लिए नया हथकंडा अपनाया है।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने

अपने ग्राहकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि आजकल इंटरनेट पर चोरी के जरिए लोगों के बैंक खाते खाली किए जा रहे है। बैंक ने अपनी वेबसाइट पर बताया है कि फिशिंग एक सामान्य किस्म की इंटरनेट चोरी है। इसका प्रयोग गोपनीय वित्तीय जानकारी, जैसे- बैंक खाता संख्या, नेट बैंकिंग पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड संख्या, व्यक्तिगत पहचान का ब्योरा आदि चुराने के लिए किया जाता है। जिसके बाद हैकर सीधा आपके अकाउंट को निशाना बनाते है। इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता (यूज़र) को धोखाधड़ी वाला ई - मेल प्राप्त होता है जो वैध इंटरनेट पते से प्राप्त हुआ प्रतीत होता है। ई-मेल में उपयोगकर्ता को मेल में उपलब्ध करवाए गए हाइपरलिंक पर क्लिक करने के लिए कहा जाता है। फिर एक नकली वेब साइट खुल जाती है जोकि असली इंटरनेट बैंकिंग साइट के समान प्रतीत होती है। आमतौर पर ई-मेल में या तो कुछ प्रक्रिया पूरी करने पर इनाम या प्रक्रिया पूरी न करने पर दंड लगाने की चेतावनी दी जाती है। फिर यूजर डर के कारण सभी जानकारी फिल कर देता है। इसके लिए आर पहले से ही सतर्क रहे।

# बैडमिंटन : इंडोनेशिया मास्टर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में मनु-सुमित

जकार्ता (आरएनएस)। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मनु अत्री और बी. सुमित रेड्डी ने बुधवार को अच्छी शुरुआत करते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में मनु और सुमित की जोड़ी ने डेनमार्क की निकलास नोहर और मैड्स पिएलेर कोल्डिंग की जोड़ी को मात दी। वर्ल्ड नम्बर-27 जोड़ी मनु और सुमित ने बुधवार को निकलास और कोल्डिंग की वर्ल्ड नम्बर-404 जोड़ी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21, 21-19, 21-15 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में मनु और सुमित की जोड़ी का सामना गुरुवार को डेनमार्क की ही एक अन्य जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स साकरूप से होगा।

# डर के आगे जीत

एक बार स्वामी विवेकानंद काशी में ऐसे मार्ग से जा थे जहां एक ओर तालाब और दूसरी ओर बहुत बड़ी दीवार थी। उसी स्थान पर बहुत सारे बंदर थे। स्वामी जी को देखकर बंदर विकट चीत्कार करने लगे और उनके पास आकर उनको पैरों से जकड़ने लगे। बंदरों को



निकट देखकर स्वामी जी डरकर इधर-उधर भागने लगे। जितना इधर-उधर भागे, उतना ही जोर-जोर से बंदर पीछा करते। अचानक एक ओर से किसी अपरिचित व्यक्ति की आवाज आई-बंदरों का सामना करो, भागो मत, खड़े रहो। स्वामी जी ने ऐसा ही किया तो देखते ही देखते सारे बंदर एक-एक करके लौट चले। स्वामी जी बताते थे कि उस परिचित व्यक्ति के कहे शब्दों का मेरे चित्त पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि उसके बोल मेरे जीवन की शिक्षा ही बन गए कि समस्याओं से डरो नहीं, समस्याओं के सामने डटे रहो और उनका सामना करो। ऐसा ही हुआ, मेरे जीवन से किसी भी प्रकार का भय नितांततः निकल गया।

# अमूल ने चुनिंदा बाजारों में लांच किया ऊंटनी का दूध

अहमदाबाद (आरएनएस)। अमूल डेयरी का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी, गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड ने मंगलवार को ऊंटनी का दूध लांच किया। अमूल कैमल मिल्क ब्रांड वाला यह दूध अहमदाबाद, गांधीनगर और कच्छ में उपलब्ध होगा। आधिकारिक प्रेस रिलीज के अनुसार, ऊंटनी का दूध आसानी से पच जाता है और स्वास्थ्य के लिहाज से इसके कई फायदे हैं। सबसे ज्यादा यह मधुमेह के रोगियों के लिए गुणकारी है।

# शिखर धवन ने रचा इतिहास, सबसे तेज 5,000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने

नेपियर (आरएनएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को जारी पहले वनडे मैच में जहां भारतीय खिलाड़ियों ने मेजबान टीम पर दबदबा बना रखा है, वहीं वे नई उपलब्धियां भी हासिल कर रहे हैं। मैक्लीन पार्क मैदान पर जारी इस मैच में न्यूजीलैंड की ओर से मिले 158 रनों के लक्ष्य को हासिल करने उतरी मेहमान टीम के लिए बल्लेबाजी कर रहे शिखर धवन ने नई उपलब्धि अपने नाम की है। धवन ने सबसे तेजी से वनडे क्रिकेट में 5,000 रन

पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज होने का गौरव हासिल किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं। भारत के लिए सबसे तेजी से 5,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड कप्तान विराट कोहली के नाम पर है। उन्होंने 114 पारियों में इस मुकाम को छुआ, वहीं धवन ने 118 पारियों में 5,000 रन पूरे किए। कोहली अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

# भारत का जीत के साथ आगाज, न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

नेपियर। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत का जीत के साथ आगाज, पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया।

# सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने मोहम्मद शमी, कई दिग्गजों के तोड़े रिकार्ड

नेपियर (आरएनएस)। भारतीय टीम ने अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत पिछले दिनों सिडनी टेस्ट व मैचों पर जीत हासिल की। मैच में गेंदबाजों ने बल्लेबाजों के छक्के छुड़ा दिए। नेपियर में भारत और न्यू जीलैंड के बीच पहला वनडे जारी है और भारतीय बोलर पूरे जोश में नजर आ रहे हैं। वहीं गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है।

मोहम्मद शमी वनडे इंटरनैशनल में सबसे तेज 100 विकेट वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। 28 वर्षीय शमी ने मैच में भारत को पहली सफलता दिलाई और पारी के दूसरे ही ओवर में गप्टिल (5) को पविलियन भेज दिया।

## आज का राशिफल

मेषः आज नए साल के पहले दिन बाहर घूमन-फिरने और शानदार भोजन मिलने का योग है। व्यापारियों को लाभ और सफलता मिलेगी। प्रवास, आर्थिक लाभ और वाहन सुख का योग है।

वृषभः आज का दिन शुभ है। कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे। आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत होगी। नौकरी में लाभ होगा।

मिथुनः आज संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद में न पड़ें। आत्म सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। पेट संबंधी बीमारियों की आशंका है।

कर्कः शरीर में आलस्य या अस्वस्थता हो सकती है। मनमुटाव और तकरार की आशंका है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुःख का अनुभव करेंगे। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

सिंहः कार्य सफलता और प्रतिस्पर्द्धियों पर विजय मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ कोई आयोजन करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। प्रियजनों की मुलाकात से खुशी होगी।

कन्याः परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होंगे। विद्यार्थियों के लिए अनुकूल समय है।

तुलाः आज आपको कार्यक्षेत्र में सुनहरा अवसर प्राप्त हो सकता है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। आर्थिक लाभ होगा। वाहन सुख की प्राप्ति होगी।

वृश्चिकः आनंद-प्रमोद, मनोरंजन के पीछे धन व्यय होगा। दुर्घटना से संभलकर रहें। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी, इसलिए झगड़े से दूर रहें। मानहानि या धनहानि की आशंका है।

धनुः आज का दिन लाभदायी है ऐसा गणेशजी कहते हैं। जीवन का संपूर्ण आनंद आप प्राप्त कर पाएंगे। प्रेम की सुखद अनुभूति होगी। मित्रों के साथ किसी रमणीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं।

मकरः व्यापार-धंधे के लिए आज का दिन शुभ है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी या नौकरी में उच्च पदाधिकारियों द्वारा आपके काम की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग की संभावना है।

कुंभः आज आपको बेचैनी, थकान और ऊबन रहेगी। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। ऑफिस और काम-काज की जगह पर बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। लंबी यात्रा होगी।

मीनः स्वास्थ्य के संबंध में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बीमारी के पीछे खर्च करना पड़ सकता है। कामकाज में भी कुछ परेशानी हो सकती है। संभलकर बोलें।

## पनीर मंचूरियन बनाने की की विधि



आपने पनीर से बनी कई डिश का स्वाद चखा ही होगा, पनीर से बनने वाली हर डिश बेहद ही लाजवाब और टेस्टी होती है। अधिकतर लोगों को पनीर खाना पसंद भी होता है, इसलिए आज हम आपके लिए लाएं है पनीर मंचूरियन। इस डिश को बनाना बेहद ही आसान है और इसे हम किसी भी अवसर पर बना सकते हैं और मेहमानों का खास स्वागत करने के लिए आप आसानी से इसे घर पर ही बना सकती हैं।

पनीर मंचूरियन बनाने की सामग्री :

पनीर (मीडियम साइज में कटे हुए ) - 300 ग्राम, मैदा - 35 ग्राम, नमक - ½ चम्मच, अरारोट - 25 ग्राम, लाल मिर्च - ½ चम्मच, पानी - 200 मिलीलीटर, तेल - 1 चम्मच, लहसुन - 11/2 चम्मच, अदरक - 11/2 चम्मच, प्याज - 40 ग्राम, लाल, हरी, पिली शिमला मिर्च - 50 ग्राम, सोया सॉस - 11/2 चम्मच, कॉर्न फ्लोर - 1 चम्मच, टोमैटो सॉस - 2 चम्मच, चीनी - 1 चम्मच, काली मिर्च - ½ चम्मच, स्प्रिंग प्याज (गार्निश के लिए) - 1 चम्मच, सिरका - ½ चम्मच

पनीर मंचूरियन बनाने की विधि :

पनीर मंचूरियन बनाने के लिए सबसे पहले आप एक बाउल में मैदा, अरारोट, लाल मिर्च, नमक और पानी डालें और इसे अच्छे से मिला लें। अब कटे हुए पनीर को इस मिक्सर में डालें और गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई करें।

अब पैन में तेल डालकर गर्म करें फिर इसमें लहसुन - अदरक का पेस्ट और प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक अच्छे से भून लें। अब इसमें कटी हुई शिमला मिर्च डालें और 3 से 5 मिनट के लिए पकाएं। जब यह अच्छे से पक जाएं तो इसमें टोमैटो सॉस और सोया सॉस डालें और अच्छे से मिला लें7 अब एक कटोरी में कॉर्न फ्लोर और पानी डालें और इसे अच्छे से घोल कर कड़ाही में डाल दें।

## शब्द सामर्थ्य-57

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू-57

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 56 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |